AE-21012 Seat No. ________

Third Year B. A. (Non CBCS) Examination

February – 2016

Hindi : Paper - IX

(नाट्यसाहित्य) *(New Course)*

Time : 3 Hours] [Total Marks : **100**

सूचना : (1) सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है ।

(2) प्रश्नों के अंक दाहिनी और लिखे गए है ।

(3) पाँचवां प्रश्न 'अ' और 'ब' विभाग में है ।

1 नाट्यकला की दृष्टि से मोहन राकेश रचित 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक की समीक्षा कीजिए । **15**

अथवा

1 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में मध्यमवर्गीय परिवार के दंभ एवं आडंबरपूर्ण आचरण पर गहरा व्यंग्य किया गया है । – इस कथन की पुष्टि कीजिए । **15**

2 'कबीरा खड़ा बाजार में' नाटक में व्यक्त कबीर का चरित्र–चित्रण कीजिए । **15**

अथवा

2 'लक्ष्मी का स्वागत' एकांकी में चित्रित सामाजिक समस्या पर प्रकाश डालिए । **15**

3 ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : (तीन की) **30**

(अ) "राजनीति साहित्य नहीं है । उसमें एक–एक क्षण का महत्व है । कभी एक क्षण के लिए भी चूक जायें तो बहुत बड़ा अनिष्ट हो सकता है ।"

अथवा

(अ) "मैं यद्यपि तुम्हारे जीवन में नहीं रही, परन्तु तुम मेरे जीवन में सदा बने रहे हो । मैंने कभी तुम्हें अपने से दूर नहीं होने दिया ।"

(आ) "मजहब के नाम पर सल्तनतें बनती हैं और सल्तनतों के साये में मजहब पनपते हैं, हाकिम की तलवार दीन की खिदमत करती है ।"

अथवा

(आ) "सोच रहा हूँ, जिसके दिल में प्रेम है उसके दिल में भगवान वास करते हैं ।"

(इ) "हमारे कैदी बच्चों ! तुम बदकिस्मत हो कि आलमगीर तुम्हारा बाप है । तुमने और कोई गुनाह नहीं किया । तुम लोगों का सिर्फ यहीं गुनाह है कि तुम औरंगजेब के बेटे हो ।"

अथवा

(इ) "मैं न किसी से नाराज हूँ, न खुश । अब तो बस खामोश है और तमाशाएँ – अहले जहाँ देखते हैं ।"

4 किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखिए : **20**

(1) 'आषाढ़ का एक दिन' का पात्र विलोम ।
(2) 'संस्कार और भावना' एकांकी का उद्देश्य ।
(3) 'बहुत बड़ा सवाल' एकांकी में निरूपित व्यंग्य ।
(4) 'कबीरा खड़ा बाजार में' नाटक के शीर्षक की सार्थकता ।
(5) 'आषाढ़ का एक दिन' में इतिहास और कल्पना ।
(6) 'तांबे के कीड़े' एकांकी शीर्षक की सार्थकता ।
(7) 'हरी घास पर घंटे भर' में निरूपित संदेश ।
(8) 'कबीरा खड़ा बाजार में' में चित्रित कबीर की माई ।

5 (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में दीजिए : **10**

(1) 'हरी घास पर घंटे भर' एकांकी के लेखक का नाम दीजिए ।
(2) 'तांबे के कीड़े' किस शैली में रचित एकांकी है ?
(3) मल्लिका की माँ का नाम दीजिए ।
(4) कालिदास ने उज्जयिनी जाकर किन काव्यग्रंथों की रचना की थी ?
(5) 'कबीरा खड़ा बाजार में' के प्रमुख पात्र ।
(6) कबीर किस खुदा की इबादत करते है ?
(7) 'संस्कार और भावना' एकांकी के लेखक का नाम लिखिए ।
(8) औरंगजेब आखरी वक्त में किसे पत्र लिखता है ?
(9) कबीर की शादी किसके साथ होती है ?
(10) मातुल कौन है ?

(ब) निम्नलिखित रिक्तस्थानों की पूर्ति कोष्टक में दिये गये विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर कीजिए : **10**

(1) 'औरंगजेब की आखिरी रात' एकांकी के .... लेखक है ।

(उपेन्द्रनाथ अश्क, रामकुमार वर्मा, जगदीशचंद्र माथुर)

(2) मल्लिका का जीवन उसकी अपनी .... है ।

(विपत्ति, वेदना, सम्पत्ति)

(3) विलोम का कुछ भी करना .... नहीं है ।

(अप्रत्याशित, दूराचार, सदाचार)

(4) लेकिन तेरा कोई दीन भी तो होगा ! तू .... भी तो करता होगा ।

(सत्संग, व्यवहार, इबादत)

(5) मैं इन्सान को .... के रूप में देखना चाहता हूँ ।

(इन्सान, दानव, दनुज)

(6) 'बहुत बडा सवाल' एकांकी के लेखक .... है ।

(मोहन राकेश, जगदीशचंद्र माथुर, भुवनेश्वर)

(7) 'हरी घास पर घंटे भर' में .... दम्पतियों की कहानी केन्द्र में है ।

(चार, तीन, पाँच)

(8) कालिदास को समझाने के लिए मल्लिका .... जाती है ।

(सरस्वती के मंदिर, लक्ष्मीजी के मंदिर, जगदम्बा के मंदिर)

(9) मुझे शान्ति नहीं चाहिए, मुझे इस अंधेरे में .... की लौ चाहिए ।

(कागज, रोशनी, सत्य)

(10) आज तुम मेरे जीवन को इस तरह .... कर दोगे ?

(निरर्थक, सार्थक, समर्थक)